भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2980**
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर चार लेन की सड़क का निर्माण**

2980. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या ब्रजराजनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर 4 लेन की सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो इस परियोजना के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है;
(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर इब नदी पर पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव है और इसके लिए अनुमानित बजट कितना है;
(ग) इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) क्या इन परियोजनाओं को स्वीकृति नहीं दी गई है और यदि हां, तो विलंब अथवा स्वीकृति न दिए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है। परियोजना की मंजूरी मानदंडों को पूरा करने, सपंर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता, निधियों की उपलब्धता के आधार पर और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप की जाती है। एनएच 49 पर इब नदी पर पुल के निर्माण के लिए 33.50 करोड़ रु.की राशि से कार्य सौंप दिया गया है। इसके अलावा, एनएच 49 के कनकटोरा-झारसुगूड़ा खंड को 4 लेन का बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंप दी गई है।

*****